आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–17 मई 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिये प्रदेश की 13 सीटों पर आज नामांकन पत्र वापस लेने की आखिरी तारीख थी। इसके पहले नामांकन पत्रों की जांच के बाद इन सभी संसदीय क्षेत्रों में एक सौ पचास प्रत्याशियों के नामांकन वैध पाये गये थे जबकि 167 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हो गये थे। आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय समाजवादी जनक्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी पारसनाथ केसरी ने अपना नामांकन वापस ले लिया। सातवें चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट समेत दुद्धी विधानसभा उपचुनाव के लिये एक जून को मतदान होगा।

****

लोकसभा चुनाव के पांचवे, छठवें और सातवें चरण के लिए प्रचार अभियान काफी तेज हो गया है। मतदान के लिए बाकी बचे संसदीय क्षेत्रों में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। कल से प्रदेश में चुनाव प्रचार कर रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दूसरे दिन बाराबंकी, हमीरपुर और फतेहपुर में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। बाराबंकी में उन्होंनें कांग्रेस के साथ ही टीएमसी और समाजवादी पार्टी गठबंधन पर फिर हमला बोला। श्री मोदी ने कहा कि सपा अब बंगाल में शरण ले चुकी है और उनका राजनीतिक गठबंधन सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण के लिए है। कल भी श्री मोदी ने भदोही की रैली में गठबंधन पर कटाक्ष करते हुए कहा था कि सपा के मुखिया अखिलेश यादव सिर्फ तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति के लिए अपनी नई बुआ ममता दीदी के साथ गठबंधन में हैं। आज बाराबंकी की रैली में पीएम ने कहा कि अगर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सत्ता में आई तो अयोध्या में राम मंदिर पर बुलडोजर चलाएगी।

फतेहपुर जिले की रैली में पीएम मोदी ने कहा कि पहले के शासनकाल के दौरान यूपी अपराध और भ्रष्टाचार के लिए बदनाम था। लेकिन अब राज्य विकास में अग्रणी है। श्री मोदी ने हमीरपुर जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार आवास देने के साथ ही गरीबों को मुफ्त राशन और मुफ्त इलाज की सुविधा दे रही है। जबकि सपा और कांग्रेस की मंशा दलितों और पिछड़ों के आरक्षण में सेंध लगाने की है। वरिष्ठ भाजपा नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी में पीएम मोदी के साथ चुनावी रैली में मंच सांझा करने के साथ ही बलरामपुर और अयोध्या में जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस तुष्टिकरण की नीति के जरिए देश को अस्थिरता और अराजकता की ओर ले जाना चाहते हैं।

****

अमेठी में सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संयुक्त रूप से अमेठी से स्मृति ईरानी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे कांग्रेस उम्मीदवार किशोरी लाल शर्मा के पक्ष में प्रचार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा संविधान बदलने की कोशिश कर रही है लेकिन हमारा गठबंधन इसे सफल नही होने देगा। उन्होंने कहा कि चार चरणों के चुनाव में भाजपा चारो खाने चित हो गयी है। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी ने भी भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा चाहती है कि देश में सिर्फ बाइस–पच्चीस लोग ही अमीर रहें और गरीब लोग गरीब ही रहे। उन्होंने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने पर जनता को लखपति बनाएगे।

****

रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के प्रचार में आज कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी, सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत दोनों पार्टियों के कई नेता संयुक्त रैली कर रहे हैं। समाचार मिलने तक यहां नेताओं का संबोधन जारी था।

****

उधर बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने प्रतापगढ़ में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने भाजपा, कांग्रेस और सपा पर जमकर निशाना साधा, मायावती ने कहा कि ये तीनों पार्टियां वोट पाने के लिए राशन के हथकंडे का इस्तेमाल कर रही हैं। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के लोगों को जुमलेबाजी और नाटकबाजी से बचकर रहना है।

****

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में बीस मई को कैसरगंज सीट पर होने वाले मतदान को देखते हुए आज शाम पांच बजे से बीस मई को मतदान समाप्ति तक के लिए बहराइच जनपद से लगने वाली भारत–नेपाल सीमा को सील कर दिया गया है। बहराइच की जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि इस अवधि में मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी करने के लिए एसएसबी कमाण्डेंट या उनके द्वारा नामित सहायक सेनानायक स्तर के प्रतिनिधि को अधिकृत किया गया है।

****

अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया है। यह सम्मान उन्हें सरयू नदी में सबसे बड़ा तैरता हुआ स्वीप मतदाता जागरूकता लोगो स्थापित कराने के लिए दिया गया।

****

पिछले तीन दिनों से प्रदेश के लगभग सभी जिले भीषण गर्मी की चपेट में है। लगातार तीसरे दिन आज अधिकत्तर जिलों में दिन का तापमान बयालीस डिग्री या उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने आगामी तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप निकलने और लू चलने की चेतावनी जारी की है।

****